हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 29.3 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- नगर निगम कमिश्नर की अधिकारियों के साथ बैठक
- वार्ड 6 में स्वच्छता पर जागरूकता अभियान

अपराध नियंत्रण पर सख्त कदम

# नए एसपी ने आते ही खोला रंगदारी मांगने वालों व गैंगस्टरों के खिलाफ मोर्चा, निपटने के लिए बनाई साइबर सेल और सीआईए की ज्वाइंट टीमें

## थानों में रोज शिकायतें सुनना अनिवार्य ▶▶ संज्ञेय अपराध पर तुरंत एफआईआर ▶▶ हर माह पुलिस का रिपोर्ट कार्ड होगा तैयार

■ सीसीटीवी, पेट्रोलिंग और नाकाबंदी से अपराधियों की पहचान होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने रंगदारी मांगने वाले और गैंगस्टरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। साइबर सेल और सीआईए की ज्वाइंट टीमें बनाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब पुलिस की कार्यप्रणाली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी और बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, ट्रैनी आईपीएस रविन्द्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय रवि खुंडिया, डीएसपी सांपला राकेश, डीएसपी महम तनुज शर्मा सहित जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी, सीआईए स्टाफ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



रोहतक। पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित।

### आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता से लें

एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना और चौकी प्रभारी रोजाना आमजन की शिकायतें सुनें और उनका समयबद्ध समाधान करें। हर शिकायत को सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा और शिकायतकर्ता को रसीद देना भी जरूरी रहेगा। उन्होंने कहा कि संज्ञेय अपराध की सूचना मिलते ही तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की जाए। वहीं, झूठी शिकायत देने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हर माह परफॉर्मेंस टेस्ट जैसा माहौल रहेगा

अब रोहतक पुलिस के लिए हर माह परफॉर्मेंस टेस्ट जैसा माहौल रहेगा। एसपी ने कहा कि प्रत्येक माह सभी थाना, चौकी, सीआईए और ब्रांच के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जो अधिकारी बेहतर कार्य करेंगे उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन करने वालों से जवाब तलब होगा। इससे पुलिसिंग में प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता दोनों बढ़ने की उम्मीद है।

### सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं

बैठक में सीसीटीवी कैमरों को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया। एसपी ने निर्देश दिए कि पेट्रोल पंप, होटल, ढाबा, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मार्केट और कोचिंग संस्थानों सहित सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। गांवों में भी मुख्य एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर उच्च गुणवत्ता के कैमरे लगाने के लिए सरपंचों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय करने को कहा गया। एसपी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के जरिए अपराधियों तक पहुंचना अब आसान होगा।

### रात में बढ़ेगी पुलिस की मौजूदगी

अब पुलिस की पैट्रोलिंग और ज्यादा सख्त नजर आएगी। एसपी ने निर्देश दिए कि हर थाना अपने क्षेत्र के हिसाब से पैट्रोलिंग प्लान तैयार करे। खासतौर पर शाम और रात के समय पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने पर जोर दिया गया है। साथ ही समय-समय पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग करने के आदेश भी दिए गए। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियां, अवैध लाल-नीली बत्ती, ट्रिपल राइडिंग और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### नशा तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान

एसपी ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। इतना ही नहीं, तस्करों की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की प्रक्रिया भी तेज करने को कहा गया है। पुलिस अधिकारियों को गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए।

### गैंगस्टरों पर अब कड़ा एक्शन

जिले में सक्रिय गैंगस्टरों के खिलाफ भी अब कड़ा एक्शन देखने को मिलेगा। एसपी ने सीआईए और साइबर टीमों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए हैं। आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने और उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही युवाओं को गैंगस्टरों के प्रभाव से दूर रखने के लिए संवाद स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

### महिला सुरक्षा पर विशेष फोकस

महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रणनीति बनाई है। उन्होंने निर्देश दिए कि हर थाना अपने क्षेत्र में ऐसे हॉटस्पॉट चिन्हित करे जहां महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या अन्य अपराध होते हैं। इन स्थानों पर महिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। महिला अपराधों की जांच को प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा में चालान अदालत में पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता और काउंसलिंग उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनसे लगातार संपर्क बनाए रखने की बात भी कही गई है।

**खबर संक्षेप**

### कोचिंग छात्र की संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग से मौत

**रोहतक।** शहर में एक कोचिंग कर रहे युवक की संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग से मौत का मामला सामने आया है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कृष्ण (35) पुत्र जगबीर निवासी गांव बुटाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। वह रोहतक के तिलक नगर स्थित एक पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। सोमवार को कृष्ण ने जूस पीने और केले खाने के बाद अचानक तबीयत खराब होने की शिकायत की। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक तौर पर फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

### अभी तक 105 घरेलू सिलेंडर जब्त, रोज 7500 तक सप्लाई

**रोहतक।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। अब तक इस अभियान के दौरान 105 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 35 गैस एजेंसियां सक्रिय हैं, जो प्रतिदिन 7000 से 7500 घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचा रही हैं, जबकि एजेंसियों को रोजाना 8 से 10 हजार सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। जिले में 172 पेट्रोल पंप भी संचालित हैं और गैस व पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों से बचें और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर का भंडारण न करें। गुप्ता ने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध है, वहां उपभोक्ता शीघ्र कनेक्शन लें। मार्च 2026 से अब तक 168 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि गैस आपूर्ति प्रणाली पारदर्शी, सुचारू और उपभोक्ता हितैषी बनी रहे।

## सोनीपत स्टैंड पर बनने वाले डॉ मंगलसेन मेमोरियल क्लब को मिली मंजूरी

# सस्ती दर पर मिलेंगे हॉल, एक दिन में दो शादियों की सुविधा देगा आधुनिक सामुदायिक केंद्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कई साल के इंतजार के बाद सोनीपत स्टैंड के पास नगर निगम की सरकारी जमीन पर तीन मंजिला डॉ. मंगलसेन मेमोरियल क्लब बनने का रास्ता साफ हो गया है। विगत वर्ष दोबारा योजना तैयार कर सरकार को भेजी गई थी, जिसे मंजूरी देते हुए सरकार ने बजट जारी कर दिया है। अब टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो इसी सप्ताह जारी हो सकता है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट पर करीब 14 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यहां निर्माण पूरा होने के बाद आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के 20 हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। यहां बनने वाले दो बड़े हॉल में एक साथ दो शादियों का आयोजन हो सकेगा। लोगों को प्राइवेट होटलों से सस्ती दरों में यहां सुविधा मिलेगी। साथ ही पार्किंग की सुविधा मिलेगी और जाम से मुक्ति मिलेगी। इसलिए यह योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सोनीपत रोड पर सोनीपत स्टैंड के पास 1900 वर्ग मीटर जगह है, जहां पर नगर निगम डॉ आनंद कुमार शर्मा ने प्रस्ताव पास करके सामुदायिक केंद्र बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा था। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भवन बनाने की मंजूरी दी। भवन का नाम प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगलसेन क्लब रखा गया। तीन मंजिला भवन में पार्किंग स्थल के अलावा तीन फ्लोर बनाए जाएंगे। साथ ही लिफ्ट लगाने का भी प्लान है। इसके निर्माण से लोगों को बहुत फायदा होगा।

**12** कॉलोनियों के करीब **20** हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा बड़ा फायदा

**1900** वर्ग मीटर जमीन पर बनाया जाएगा तीन मंजिला केंद्र, होटलों से सस्ता होगा

**14** करोड़ परियोजना पर खर्च होंगे, इसमें **400** वाहनों की हो सकेगी पार्किंग



रोहतक। सोनीपत स्टैंड पर नगर निगम की इस जमीन पर बनेगा डॉ. मंगलसेन क्लब। फोटो : हरिभूमि

### किस तल पर क्या होगा

- **प्रथम तल :** हॉल, कॉमन टॉयलेट, रिसेप्शन और वेटिंग एरिया, कैबिन, पुरुष और महिला टॉयलेट व रसोई।
- **द्वितीय तल :** हॉल, कॉमन टॉयलेट, रिसेप्शन और वेटिंग एरिया, कॉन्फ्रेंस हॉल, पुरुष और महिला टॉयलेट व रसोई।
- **तृतीय तल :** लाइब्रेरी, कॉमन टॉयलेट, रिसेप्शन और वेटिंग एरिया

### लंबे समय से की जा रही थी मांग

सार्वजनिक कार्य करने के लिए आसपास की 12 कॉलोनियों को होगा फायदा। डॉ. मंगलसेन क्लब बनने से दुर्गा कॉलोनी, सैनी स्कूल रोड निवासियों, प्रेम नगर, चांद नगर, कैलाश कॉलोनी, विकास नगर, लक्ष्मी नगर, सैनीपुरा, मानसरोवर कॉलोनी व झंग कॉलोनी को फायदा होगा। क्योंकि, लंबे समय से क्षेत्र के लोग व पार्षद सामुदायिक केंद्र की मांग कर रहे हैं।

### सात साल पहले सहकारिता मंत्री ने किया था शुभारम्भ

2019 में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने यहां सामुदायिक केंद्र भवन बनाने के लिए योजना तैयार की थी, जिसका शिलान्यास किया गया था। हालांकि पांच साल बाद फिर नगर निगम सदन में प्रस्ताव पास करके सरकार के पास भेजा गया। प्रस्ताव में दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना थी। यह प्रस्ताव नगर निगम हाउस की मीटिंग में पास किया गया था। जिसके बाद इसे अंतिम चरण तक पहुंचने में कई वर्ष का समय लग गया। अधिकारियों का कहना है कि इस जगह पर सैकड़ों वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

### जाम से भी मुक्ति मिलेगी, पार्किंग की समस्या खत्म होगी



कई बार इस मामले को अधिकारियों के समक्ष उठाया। कई साल से यहां तीन मंजिला सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना थी। अब इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया चली रही है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। भवन मिलने के बाद न केवल पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा बल्कि आसपास के एरिया में जाम से भी मुक्ति मिलेगी। भवन निर्माण के बाद आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के लोगों को हॉल की सुविधा मिल जाएगी।

-कंचन खुराना, पार्षद, वार्ड-14

## कर्मचारियों को दिए जाने वाले सभी प्रकार के ऋण फिर सरकार ही संचालित करेगी

# 10 साल पहले लिया फैसला रद्द, सरकार लाखों कर्मियों को खुद देगी कर्ज, पीएनबी से करनी पड़ती थी मनुहार

- अब कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत
- 2016 में बदली गई थी नीति
- कर्मचारियों को हो रही थी परेशानीं
- एक जून से लागू होंगे नए नियम

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों को राहत देते हुए एक महत्वपूर्ण नीति निर्णय लिया है। जिसके तहत कर्मचारियों को दिए जाने वाले विभिन्न ऋण जैसे गृह ऋण, वाहन ऋण, कंप्यूटर ऋण और विवाह ऋण सरकार अब खुद देगी। इससे पहले वर्ष 2016 में सरकार ने तय किया था कि कर्मचारियों को सरकार कर्ज नहीं देगी। कर्ज देने की जिम्मेदारी सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक को दी थी। नया आदेश आगामी एक जून से प्रभावी हो जाएगा। ऐसा सरकार ने अपनी अधिसूचना में बताया है। इस निर्णय के साथ ही अब राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में कर्मचारियों को दिए जाने वाले सभी प्रकार के ऋण फिर से सरकार के नियंत्रण में ही संचालित होंगे। इसके साथ ही ऋण वितरण की प्रक्रिया सरकार की पूर्व में प्रचलित नीतियों और समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही होगी।

### सरकार का निर्णय कर्मचारियों के लिए राहत भरा

सरकार का यह निर्णय कर्मचारियों के लिए राहत भरा साबित हो सकता है, जिससे उन्हें अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक जरूरतों जैसे घर बनाने, वाहन खरीदने, बच्चों की पढ़ाई या विवाह जैसे कार्यों के लिए वित्तीय सहायता आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। यह कदम कर्मचारियों के विश्वास को मजबूत करने के साथ-साथ सरकारी व्यवस्था में उनकी भागीदारी और संतुष्टि को भी बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है। ध्यान रहे कि सरकार ने वर्ष 2016 में कर्मचारियों को सीधे ऋण देने की व्यवस्था बंद कर दी थी और ऋण पोर्टफोलियो को बैंक (विशेष रूप से पंजाब नैशनल बैंक) को सौंप दिया था। इसका मुख्य कारण वित्तीय प्रबंधन को सरल बनाना, सरकारी खातों पर ऋण भार कम करना और ऋण वितरण व वसूली को संस्थागत बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से अधिक व्यवस्थित करना था। सरकार चाहती थी कि ऋण प्रक्रिया प्रोफेशनल बैंकिंग मानकों पर आधारित हो, जिससे डिफॉल्ट जोखिम कम हो और लेखा प्रणाली पारदर्शी बने।

### कई व्यावहारिक समस्याएं भी आएंगी

हालांकि, इस व्यवस्था से कर्मचारियों को कई व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। बैंक से ऋण लेने में ब्याज दरें अपेक्षाकृत अधिक थीं, जबकि पहले सरकारी ऋण कम ब्याज पर मिलते थे। इसके अलावा, बैंकिंग प्रक्रिया में क्रेडिट असेसमेंट, दस्तावेज सत्यापन, स्कोर जैसी शर्तें जुड़ गईं, जिससे कई कर्मचारियों को पात्र होने के बावजूद ऋण मिलने में देरी या अस्वीकृति का सामना करना पड़ा। वहीं, प्रोसेसिंग फीस, बीमा और अन्य चार्जेस ने कुल लागत बढ़ा दी।

### कर्मचारी हित में सकारात्मक कदम

सरकार के इस फैसले को कर्मचारियों के हित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। पहले बैंक के माध्यम से ऋण लेने की प्रक्रिया में कई बार कर्मचारियों को अतिरिक्त औपचारिकताओं और ब्याज दरों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वहीं अब सरकार द्वारा सीधे ऋण उपलब्ध करवाए जाने से प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और कर्मचारियों के लिए अनुकूल होने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि कर्मचारियों को दी जाने वाली ऋण सुविधाएं एक प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा हैं, जिन्हें पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहना चाहिए। इससे न केवल कर्मचारियों को आर्थिक सहायता समय पर मिल सकेगी, बल्कि ब्याज दरों और भुगतान शर्तों में भी लचीलापन रखा जा सकेगा। इस नीति बदलाव के बाद अब संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे ऋण वितरण की प्रक्रिया को पुराने ढांचे के अनुसार पुनः लागू करें। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पात्र कर्मचारी को ऋण प्राप्त करने में अनावश्यक देरी या बाधा का सामना न करना पड़े।

### कर्मचारियों की संख्या करीब 4 लाख

राज्य में स्थायी (रेगुलर) सरकारी कर्मचारियों की संख्या अढ़ाई तीन मानी जाती है। इसके अलावा, हरियाणा में कॉन्ट्रैक्ट और आउटसोर्सिंग के माध्यम से भी बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत करीब एक लाख 18-20 हजार के आसपास कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में तैनात किया गया है। यदि स्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों को मिलाकर देखा जाए तो हरियाणा में सरकारी सिस्टम से जुड़े कुल कर्मियों की संख्या लगभग 3.5 लाख से 4 लाख के बीच आंकी जाती है।

# बालवाटिका से आठवीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 20 से

- परीक्षा सुबह 8 :30 से 11 बजे तक, अप्रैल में चलेंगे रिवीजन प्रोग्राम
- छात्रों को सिलेबस दोहराने और बेहतर प्रदर्शन के लिए किया जा रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बालवाटिका से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) हरियाणा ने वर्ष 2026 की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं (इम्प्रूवमेंट असेसमेंट) की डेटशीट जारी कर दी है। ये परीक्षाएं 20 अप्रैल से शुरू होकर 1 मई 2026 तक चलेंगी।

### विद्यार्थियों को मिलेगा अंक सुधार का मौका

एससीईआरटी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, यह परीक्षा उन छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है जो मार्च 2026 में हुई वार्षिक परीक्षा में सफल नहीं हो पाए थे या जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत बच्चों को अपने शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए यह अतिरिक्त अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा सुबह 8:30 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। अप्रैल महीने में स्कूलों को क्लास रेडीनेस प्रोग्राम चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थी पिछले साल के सिलेबस का अच्छी तरह रिवीजन कर सकें।

### परीक्षा की समय-सारणी

**कक्षा एक से पांच** 20 अप्रैल को बालवाटिका (अंग्रेजी मौखिक), कक्षा 1-5 (अंग्रेजी/गणित लिखित)। 22 अप्रैल को बालवाटिका (हिंदी मौखिक), कक्षा 1-5 (गणित/हिंदी/अंग्रेजी लिखित)। 25 अप्रैल को प्राथमिक कक्षाओं की परीक्षाओं का समापन।

**कक्षा 6 से 8** तक 20 अप्रैल को छठी (अंग्रेजी), सातवीं (हिंदी), आठवीं (सामाजिक विज्ञान)। 22 अप्रैल को छठी (विज्ञान), आठवीं (गणित)। 27 अप्रैल को छठी (गणित), सातवीं (विज्ञान), आठवीं (अंग्रेजी)। 01 मई को छठी (हिंदी), सातवीं (गणित), आठवीं (विज्ञान)।

## खबर संक्षेप

### गढ़ी सांपला में जानलेवा हमले का आरोपी काबू

**रोहतक।** गढ़ी सांपला निवासी संतकुमार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना सांपला प्रभारी उप निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि गढ़ी सांपला निवासी जितेन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि जितेन्द्र के भाई संतकुमार का कृष्ण के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। 5 अप्रैल को कृष्ण ने संतकुमार को फोन कर बातचीत के लिए बुलाया। इसके बाद कृष्ण अपने भाई विनोद, भूपेन्द्र, बीरसैन, सुखबीर मलिक, दिनेश तथा अन्य करीब 10 युवकों के साथ संतकुमार के घर पहुंचा। भूपेन्द्र ने संतकुमार पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। जिसमे वह घायल हो गया। आरोपी कृष्ण पुत्र महेन्द्र निवासी गढ़ी सांपला को गिरफ्तार कर लिया।

### युवक को अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से तीन देशी पिस्तौल और एक राउंड बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईए-2 के प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कादयान ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक दिनेश के नेतृत्व में पुलिस टीम गोहाना रोड स्थित हनुमान मंदिर, गांव घिलौड़ के पास गश्त पर मौजूद थी। इ

## भाजपाइयों ने सुंडाना मंडल में संगठन सशक्तिकरण का संकल्प लिया

# विपक्षी दल परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार के लिए काम करते हैं : कैबिनेट मंत्री बेदी

- सरकार का उद्देश्य आमजन को सुविधाजनक जीवन देना
- केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

मंत्री ने मंडल एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा, अनुशासन, समर्पण और निरंतर संवाद को संगठन की सफलता का मूल मंत्र बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

विधानसभा क्षेत्र के सुडाना मंडल मे गांव माडौधी जाटान की बाल्मीकि भवन प्रांगण में आयोजित संगठनात्मक बैठक में हरियाणा सरकार के केबिनेट मंत्री कृष्ण बेंदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

अपने संबोधन में केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी नींव मजबूत विचारधारा, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ताओं पर आधारित है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से आती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाए।

उन्होंने हरियाणा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त एवं विकासोन्मुख शासन स्थापित हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने अपने संबोधन में संगठनात्मक सुदृढ़ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने ।।



कलानौर। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### संगठन की विचारधारा बताई

डॉ. अशोक कुमार रंगा ने अपने संबोधन में संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं कार्यकर्ता-आधारित संरचना पर विशेष बल देते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्य करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया इस अवसर पर कापरेटिव बैंक के चैयरमेन व मंडल प्रभारी हरीश कौशिक, उपाध्यक्ष भगवत दयाल सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि माडोधी रागडान बिजेंद्र कुमार , सरपंच प्रतिनिधि सुनील पटवापुर,जिदरान सरपंच धर्मवीर चौहान,ब्लाक समिति चैयरमेन नीरज यादव , मंडल महामंत्री मंत्री धर्मेन्द्र सिगरोहा आदि मौजूद रहे।

### बेदी ने पूर्व सीएम हुड्डा को घेरा

**रोहतक।** भाजपा कार्यालय में संगठन की मीटिंग लेने पहुंचे मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेंद्र हुड्डा तो सरकार को फेलियर कहेगा , भूपेंद्र हुड्डा सरकार की तारीफ करने के लिए थोड़ी बना है। इसके अलावा भूपेंद्र हुड्डा के पास कोई शब्द ही नहीं है। उन्होंने कहा जब कांग्रेस सरकार थी तो किसान के हित में दो-दो रुपए के चेक दिए गए थे। 22 रुपए के चेक पटवारियों के माध्यम से देकर किसानों को गुलाम बना दिया था। आज भाजपा सरकार ने किसान को सक्षम किया है। जो लोग योजना को समझ रहे हैं, वो लोग विरोध नहीं कर रहे। बल्कि वो लोग विरोध कर रहे हैं, जो दूसरे राज्यों से फसल लाकर मंडियों में बेचते थे। एक तरफ तो खेतों में फसल खराब होने का मुआवजा मांगते हैं, दूसरी तरफ उन्हीं खेतों का पंजीकरण करके बाहर से फसल लाकर बेचते हैं। उन्होंने कहा कि गेट पास कटवाने में कोई परेशानी नहीं होगी। सरकार ने किसान को 3 लोगों के नाम देने की सुविधा दी है, जिनकी बायोमेट्रिक हो सकती है। किसान जितनी फसल उगाएगा, उतनी फसल खरीदी जाएगी। जिन 3 लोगों के नाम किसान देगा, उसमें से कोई भी आकर बायोमेट्रिक करवा सकता है। सरकार भ्रष्टाचार को रोकना चाहती है।



रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु।

### मोखरा में दादी सती मंदिर का वार्षिक मेला, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रोहतक।** जिले के मोखरा गांव स्थित दादी सती मंदिर में वार्षिक मेले का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के अलावा दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। हर वर्ष की तरह इस बार भी अप्रैल माह की पंचमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति की प्रार्थना की। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, वर्षों पूर्व दादी माता अपने पति के साथ सती हुई थीं, जिसके बाद यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। इसी विश्वास के चलते दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। मेला कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों ने भी लोगों को आकर्षित किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है, जिसके चलते हर साल भीड़ बढ़ती जा रही है।

# सावन हत्याकांड में तीन माह बाद भी आरोपी गिरफ्तार नहीं, एसपी से मिले निराश परिजन

- परिजनों ने एसपी से गुहार लगाते हुए कहा, मुख्य आरोपी घूम रहा खुलेआम, परिवार को जान का खतरा, गिरफ्तार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के पाड़ा मोहल्ला में जनवरी माह में हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजन एक बार फिर एसपी से मिलने पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहा है, जिससे पूरे परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के अनुसार 24 जनवरी को दोपहर के समय मोहल्ले में बच्चों के बीच हुए झगड़े को शांत कराने के दौरान 26 वर्षीय सावन पुत्र सुभाष पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया था। हमले में सावन को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। सावन पाड़ा मोहल्ला का निवासी था और इलाके में मीट की दुकान चलाता था।



रोहतक। पाड़ा मोहल्ला में हुई हत्या के मामले में पुलिस कार्रवाई से नाराज मृतक सावन के परिजन एसपी से मिलने आए। फोटो : हरिभूमि

### परिजनों का आरोप, लगातार धमकियां मिल रही

मृतक की पत्नी खुशी ने एसपी से मुलाकात के दौरान आरोप लगाया कि पुलिस अब तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उनका कहना है कि आरोपी मधु कई बार कॉलोनी में खुलेआम घूमता दिखाई दिया है। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आरोपी के बाहर होने से परिवार में डर का माहौल है और उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### परिवार को सुरक्षा प्रदान करें व त्वरित कार्रवाई हो

परिवार का कहना है कि सावन की हत्या को लगभग तीन महीने होने वाले हैं, लेकिन अभी तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस कारण उन्हें न्याय मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने एसपी से सुरक्षा प्रदान करने और मामले में तेजी से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बताया गया है कि सावन के बड़े भाई साहिल पर भी पूर्व में नशीले पदार्थों से जुड़े मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल जेल में सजा काट रहा है। हालांकि परिजनों का कहना है कि इसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है और पुलिस को केवल हत्या के आरोपियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# छात्राओं ने रंगोली-पोस्टर से दिया स्वास्थ्य का संदेश

- केवीएम नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सिंग छात्राओं ने रंगोली, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग एवं नाटक प्रस्तुति जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम आकर्षक और ज्ञानवर्धक बन गया। समारोह में डायरेक्टर कर्मवीर मायना, प्रिंसिपल प्रोफेसर ज्योति शर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम के सभी छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्राओं ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए, वहीं नाटक के जरिए ड्रग एब्यूज और फूड प्वाइजन जैसे गंभीर सामाजिक विषयों पर जागरूकता फैलाई। इसके अतिरिक्त बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने "विज्ञान के लाभ-हानि" विषय पर वाद-विवाद प्रस्तुत कर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध हुआ है।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकाएं। फोटो : हरिभूमि




### विनोद नांदल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित विनोद नांदल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तिलक हाउस, शास्त्री हाउस, सुभाष हाउस और पटेल हाउस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के आठ चरणों में विज्ञान से जुड़े सवाल पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर दिया। प्रतियोगिता में पटेल हाउस की नव्या और खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शास्त्री हाउस के दक्ष व इशु द्वितीय स्थान पर रहे। सुभाष हाउस के भुनेश और हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



रोहतक। कार्यशाला को सम्बोधित करते इंफॉर्मेशन साइंटिस्ट डॉ. सुन्दर सिंह।

### ई-संसाधनों का उपयोग कर शोध क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है : सतीश

**रोहतक।** ई-संसाधनों का उपयोग कर उच्च शिक्षा तथा शोध क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है। ई-संसाधनों के उपयोग से ऐतिहासिक दस्तावेज, आर्थिक क्षेत्र के आँकड़े, वैश्विक राजनीतिक इतिहास तथा राजनीति शास्त्र के सैद्धांतिक आयाम, जनसंचार क्षेत्र के लिए उपयोगी स्रोत आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के विवेकानंद पुस्तकालय में लेवरेजिंग लाइब्रेरी रिसोर्सेज फॉर इंपैक्टफुल रीडिंग, टीचिंग एण्ड रिसर्च विषयक कार्यशाला में आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ताओं ने ई-रिसोर्सेज संबंधित विशेष व्याख्यान देते हुए ये विचार साझा किए। एमडीयू के विवेकानंद पुस्तकालय के लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक ने बताया कि मदवि का विवेकानंद पुस्तकालय भारत का अग्रणी पुस्तकालय है। उन्होंने बताया कि एमडीयू में लगभग एक लाख ई-पुस्तकें, तेरह हजार से अधिक ई-जर्नल्स, 17 डाटा बेस तथा चार रिसर्च टूल्स उपलब्ध हैं। कार्यशाला का समन्वयन इंफॉर्मेशन साइंटिस्ट डॉ. सुन्दर सिंह ने किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो हरीश कुमार ने आज कार्यशाला में प्रथम सत्र की अध्यक्षता की। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. सीमा देशवाल, प्राध्यापक सुनित मुखर्जी विशेष रूप से कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## पुलिस की सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में दिनभर मची रही खलबली

# एक दिन में 210 चालान, 2 लाख रुपये वसूले

- हेलमेट न लगाने व शराब पीकर वाहन चलाने वालों से लेकर ब्लैक फिल्म तक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक ही दिन में 210 वाहनों के चालान काटे गए और करीब 2 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों डी-पार्क, बजरंग भवन, छोटूराम चौक, जाट भवन, दुर्गा भवन और व्यस्त मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। सुबह से लेकर देर शाम तक चले इस अभियान में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से चेकिंग की गई। अभियान के दौरान केवल चालान काटने तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रही, बल्कि वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। पुलिस कर्मियों ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।

### नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को दी चेतावनी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा चालान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, ट्रिपल राइडिंग और बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों के किए गए। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों और अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती का इस्तेमाल करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई ऐसे वाहन चालक भी पकड़े गए जो लंबे समय से नियमों की अनदेखी कर रहे थे। पुलिस ने ऐसे लोगों को सख्त हिदायत देते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी।

### प्रमुख स्थानों पर रही पुलिस की सख्त नजर

चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने शहर के व्यस्त बाजारों, हाईवे और प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी। अचानक नाकाबंदी के चलते कई वाहन चालक रास्ता बदलते नजर आए, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उन्हें भी पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े।

### नियम मानें

ट्रैफिक नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में और सख्त कार्रवाई की जाएगी।
-रवि खुंडिया, ट्रैफिक डीएसपी

## न्यूज डायरी



रोहतक। हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन के दौरान मुख्यअतिथि उपायुक्त सचिन गुप्ता व अन्य बैंक अधिकारीगण।

### ग्रामीण व वंचित वर्गों तक पहुंच रहीं बैंकिंग सेवाएं

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बैंक ग्रामीण एवं वंचित वर्गों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। कार्यक्रम में बैंक के चेयरमैन सुमंत कुमार भी मौजूद रहे। डीसी ने बैंक के वित्तीय समावेशन और सेवाओं के विस्तार के प्रयासों की सराहना की। वहीं चेयरमैन सुमंत कुमार ने बताया कि बैंक घर-घर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रोहतक। प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल का स्वागत करते मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

### संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें कार्यकर्ता

**सांपला।** एसआईआर अभियान के तहत बीजेपी पार्टी के गढ़ी सांपला मंडल की एक अहम बैठक भगवान परशुराम भवन में आयोजित की गई। बैठक में केवल बूथ स्तर के पदाधिकारियों बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 और शक्ति केंद्र प्रमुखों की भागीदारी रही, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर फोकस किया गया। बैठक में बीजेपी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे, जिनका मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री द्वारा बुके देकर स्वागत किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि पार्टी का स्थापना दिवस 9 अप्रैल तक पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।



रोहतक। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन बंतो कटारिया। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा को और सशक्त बनाएं : बंतो कटारिया

**रोहतक।** महाराज अग्रसेन मंडल में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन बंतो कटारिया ने शिरकत की और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बंतो कटारिया ने संगठन में बूथ स्तर की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बूथ स्तर से अपनी पहचान बनाकर भविष्य में अध्यक्ष जैसे शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने आगामी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को प्रत्येक बूथ पर उत्साहपूर्वक मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चलो गांव की ओर, चलो बस्ती की ओर का नारा देते हुए भारतीय जनता पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संदेश दिया।

### जंतर मंतर पर 11 को युवा महापंचायत

**रोहतक।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन ने युवाओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों - बेरोजगारी, पेपर लीक, ठेकाकरण प्रथा तथा परीक्षाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 अप्रैल को दिल्ली जंतर मंतर पर होने जा रही युवा महापंचायत के लिए प्रचार अभियान चलाया। युवा नेता हरीश कुमार सैनी ने बताया कि आज देश का युवा अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं, सरकारी भर्तियों में देरी और अनियमितताएं बढ़ रही हैं, तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की कमी युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे इन मुद्दों के खिलाफ संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करें और आगामी 11 अप्रैल 2026 को जंतर-मंतर, नई दिल्ली में आयोजित 'युवा महापंचायत' में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### प्रेस कांफ्रेंस में बिना बोले निकले नवीन जयहिंद

रोहतक। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नवीन जयहिंद ने मंगलवार को रोहतक में प्रेस कांफ्रेंस बुलाई थी, लेकिन बिना कुछ बोले ही प्रेस कांफ्रेंस छोड़कर चले गए। उन्होंने केवल इतना बताया कि सवा 12 बजे के आसपास उनके एक करीबी को जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बारे में वह जानकारी जुटा रहे हैं। वे जल्द ही इस मामले का खुलासा भी करेंगे। नवीन जयहिंद ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर प्राइवेट नंबरों से धमकी दिलवाने के आरोप लगाए थे।साथ ही राघव चड्ढा पर भी गम्भीर आरोप लगाए थे। नवीन जयहिंद के एक करीबी को जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बारे में उन्हें भी प्रेस कांफ्रेंस में आने से कुछ देर पहले ही पता लगा है। इसके बारे में वह जानकारी जुटा रहे हैं। क्योंकि बात अगर उनकी होती तो वह डरने वाले नहीं है। लेकिन किसी ओर को धमकी मिलना, चिंता का विषय है।



रोहतक। बैठक को सम्बोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### 21 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**रोहतक।** जिले में 21 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत बड़े स्तर पर स्वास्थ्य अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी लक्षित बच्चा या महिला कृमि नाशक दवा से वंचित न रहे। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 3 लाख 78 हजार 944 बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की 29,302 महिलाओं को दवा दी जाएगी। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों को दवा देने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि वे खाली पेट न हों और मिड-डे मील के बाद ही दवा खिलाई जाए। डीसी ने बताया कि 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा 6 से 19 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों में दवा दी जाएगी। वहीं 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को भी यह दवा दी जाएगी, बशर्ते वे गर्भवती न हों और न ही स्तनपान करवा रही हों। स्पष्ट किया कि दवा पूरी तरह सुरक्षित है। यदि किसी कारणवश 21 अप्रैल को कोई बच्चा या महिला दवा लेने से वंचित रह जाता है, तो 28 अप्रैल को मॉप-अप डे पर उसे दवा दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### पीटीएम में छात्राओं की प्रगति पर हुई चर्चा

**रोहतक।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मंगलवार को 'मैंटर-मेंटी कमेटी' के तत्वावधान में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और अभिभावकों को एक साझा मंच प्रदान करना था, ताकि छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, उनके व्यवहार व सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की जा सके। कार्यक्रम में कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों के करीब 200 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### आधुनिक तकनीक के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्रों के लिए "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। सत्र में विद्यालय की प्राचार्य डॉ ममता मलिक ने सरल व रोचक उदाहरणों के माध्यम से एआई की मूल अवधारणा, दैनिक जीवन में इसके उपयोग और भविष्य में इसके बढ़ते महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

### पं. नेकीराम कॉलेज और पीसीएफ के बीच एमओयू

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग और पर्सनालिटी केयर फाउंडेशन (पीसीएफ) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ है, जिसका सीधा उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। नई शिक्षा नीति और यूजीसी के दिशा-निर्देशों के तहत की गई इस साझेदारी के माध्यम से अब विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान के अलावा 'प्रैक्टिकल एक्सपोजर' लेना अनिवार्य होगा।

### छात्राओं ने जिला विकास भवन की कार्यप्रणाली देखी

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के द्वारा विद्यार्थियों को जिला विकास भवन का शैक्षणिक भ्रमण कराया। इस दौरान सत्यवीर फौगाट ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें वहां की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। आंगनवाड़ी केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास अधिकरण आदि के बारे में जानकारी दी व अपने अनुभव व विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में छात्राओं से विचार साझा किए।




कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE / NEET / NDA
6th to 12th Class & 12th Pass
ADMISSION OPEN
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
7 April Tuesday
10:00 am & 3:00 pm
100% SCHOLARSHIP / FREE SCHOOLING
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak Contact 97285-44433

## सनसिटी में अलग पुलिस चौकी की मांग तेज, निवासियों ने एसपी से लगाई गुहार

**बढ़ती आबादी और सुरक्षा चिंताओं के बीच उठी मांग**

**रोहतक।** जिले के उभरते रिहायशी इलाके सनसिटी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अब स्थानीय लोग खुलकर सामने आने लगे हैं। सेक्टर 34, 35, 36 और 36-ए में रहने वाले करीब 2500 परिवारों ने नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित से अलग पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग उठाई है। निवासियों ने एसपी का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। सनसिटी हाइट्स, सेक्टर 36-ए के निवासी राजनारायण ने बताया कि मौजूदा समय में आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं का दौर चल रहा है। ऐसे में एक आईआईटी पृष्ठभूमि वाले अधिकारी का जिले में एसपी के रूप में आना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि गौरव राजपुरोहित की कार्यशैली और संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा और सिविल सेवाओं की ओर प्रेरित करेगी। सनसिटी क्षेत्र पिछले करीब छह वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है। यहां अब लगभग 2500 परिवार निवास कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र अब भी पूरी तरह सुदृढ़ नहीं हो पाया है।

## सुरक्षित मातृत्व मिशन, प्रथम 1000 दिन पोषण कार्यक्रम व हेल्दी रोहतक पर जोर



**रोहतक।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन प्रमुख पहलों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में सुरक्षित मातृत्व मिशन, प्रथम 1000 दिन पोषण कार्यक्रम और "हेल्दी रोहतक" पहल को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि उच्च जोखिम गर्भधारण की निगरानी, मातृ पोषण सुधार और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की समय रहते पहचान बेहद जरूरी है। उन्होंने लिंगानुपात सुधारने के लिए सख्त कदम उठाने और निजी अस्पतालों की निगरानी बढ़ाने के साथ निर्देश दिए कि सभी संस्थागत प्रसव के बाद मां और नवजात को कम से कम 48 घंटे तक स्वास्थ्य केंद्र में निगरानी में रखा जाए। इसके अलावा, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग, एएनसी सेवाओं को मजबूत करने व डेंगू-मलेरिया नियंत्रण के लिए समय रहते तैयारी के निर्देश दिए गए।

## शहीद के नाम से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, चौक का नाम बदलने पर जताया विरोध

**एक घंटे नारेबाजी पूर्व सैनिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**रोहतक।** शहीदों के सम्मान से जुड़े मुद्दे पर रोहतक में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सेक्टर-14 स्थित एमडीयू चौक पर लोकहित संस्था, आठगामा तपा बोहर, राष्ट्रीय जाट महासभा भारत और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने कारगिल शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलोत के नाम पर बने चौक का नाम बदलने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे तक नारेबाजी कर प्रशासन के फैसले पर कड़ा विरोध जताया। इस दौरान लोकहित संस्था की ओर से एडवोकेट चंचल नांदल ने कहा कि मेजर सज्जन सिंह गहलोत ने 1999 के कारगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। वे सेक्टर-14 के निवासी थे, इसलिए उनके सम्मान में इस चौक का नाम रखा गया था। अब बिना किसी स्पष्ट कारण के नाम बदलना न केवल अनुचित है, बल्कि शहीद की स्मृति का अपमान भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त से मिलकर इस फैसले को वापस लेने की मांग करेगा। आठगामा तपा बोहर के प्रधान रणबीर नांदल ने कहा कि अगर शहीदों के सम्मान के साथ इस तरह का व्यवहार होता रहा तो समाज में गलत संदेश जाएगा।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी में एमडीयू की टीम ने पाया दूसरा स्थान



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 02 अप्रैल से 04 अप्रैल 2026 तक गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित की गई। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अपने साहस, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए टीम को सफलता के शिखर तक पहुंचाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं टीम प्रबंधन को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कठोर मेहनत, समर्पण और टीम भावना का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे ही प्रयास संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।

### एचएसवीपी ने ई-बोली टाली, व्यापारी बोले- रेट कम कर जल्द दें प्लॉट

# काठमंडी-ऑटो मार्केट शिफ्टिंग अटकी 20 साल बाद भी नहीं मिला समाधान

- जमीन के रेट दोबारा तय करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की काठमंडी और ऑटो मार्केट के व्यापारियों को सेक्टर-18, 18ए और सेक्टर-21 में प्लॉट आवंटन का मामला एक बार फिर अटक गया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने ऑनलाइन बोली प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया है और जमीन के रेट दोबारा तय करने की बात कही है। हालांकि, व्यापारी इस देरी से नाराज हैं और जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

यह मामला वर्ष 2006 से जुड़ा है, जब झज्जर रोड पर दिल्ली-रोहतक रेलवे लाइन पर जाम की समस्या को दूर करने के लिए आरओबी बनाया गया था। उस दौरान काठमंडी की कई दुकानें तोड़ी गईं और प्रशासन ने नई काठमंडी बसाने का आश्वासन दिया था। इसके तहत 96.38 एकड़ जमीन पर विभिन्न आकार के प्लॉट देने की योजना बनी थी। बाद में 2014 के बाद सेक्टर-18, 18ए में ट्रांसपोर्ट नगर और सेक्टर-21 में नई काठमंडी विकसित करने की योजना बनाई गई। 2019 में इसके लिए आवेदन भी मांगे गए, लेकिन रेट को लेकर सहमति नहीं बन पाई। विभाग जहां 81 हजार रुपये प्रति मीटर के हिसाब से जमीन देना चाहता है, वहीं व्यापारी 2018 में तय करीब 34 हजार रुपये प्रति मीटर या 10 हजार रुपये प्रति गज की दर से प्लॉट देने की मांग कर रहे हैं।

**इन सेक्टरों में विभाग को इतने आवेदन मिले**

2019 में ट्रांसपोर्ट नगर के सेक्टर-18 व 18ए के लिए कुल 287 आवेदन आए थे। इनमें से 239 ठीक पाए गए और 48 आवेदन रद्द किए गए। नई काठमंडी के सेक्टर-21 के लिए 388 आवेदन आए थे। इनमें से 284 आवेदन सही और 104 गलत मिले। अब 523 आवेदकों को 25 अगस्त तक पंजीकरण कराना था। 18 सितंबर तक 312 व्यापारियों ने बोली के लिए पंजीकरण कराया। पैसे जमा कराने के लिए विभाग का अलग से पोर्टल खोला जाना था जो अब तक नहीं खोला गया।

**व्यापारियों की पीड़ा**



हम पिछले 20 साल से इंतजार कर रहे हैं। सरकार बदल गई, योजनाएं बदल गईं, लेकिन हमारा मामला वहीं का वहीं है। हमने मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाई है, फिर भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला। -दीपक, प्रधान काठमंडी

**हर बार नई शर्तें, नए रेट**



हर बार नई शर्तें और नए रेट सामने रख दिए जाते हैं। छोटे व्यापारी इतने महंगे रेट पर प्लॉट कैसे खरीदेंगे? हम चाहते हैं कि पुरानी दरों पर ही जमीन दी जाए ताकि हम अपना कारोबार सही तरीके से चला सकें। -विजय गोयल, पार्षद, वार्ड-19

**पोर्टल ही नहीं खोला**



एचएसवीपी ने पंजीकरण तो दोबारा करवा लिया, लेकिन आगे की प्रक्रिया ही शुरू नहीं की। पोर्टल तक नहीं खोला गया। इससे व्यापारियों में भारी निराशा है। हमारा साफ कहना है कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं होगी। -पंकज, सचिव, काठमंडी

**ऊपर से आदेश मिला तो कार्रवाई आगे बढ़ेगी**

एक बार मामले के बारे में पता करना पड़ेगा। क्योंकि मामला काफी पुराना है, एचएसवीपी का चार्ज कुछ दिन पहले ही मिला है। अभी इसमें क्या चल रहा है, उसके बारे में जानकारी हासिल कर व्यापारियों के हक में जो भी होगा वहीं किया जाएगा। बाकि नियम तो नियम है, ऊपर से कोई आदेश मिलता है तो कार्रवाई जरूर आगे बढ़ेगी। -डॉ. आनंद कुमार शर्मा, प्रशासक, एचएसवीपी

## रोहतक की खुशी व अक्षिता का 69वें राष्ट्रीय विद्यालय खेलों में हुआ चयन

- अंडर-17 लड़कियों की बैडमिंटन स्पर्धा के लिए फरीदाबाद में हुए ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



खुशी और अक्षिता।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वें राष्ट्रीय विद्यालय खेलों के अंतर्गत अंडर-17 लड़कियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए 6 व 7 अप्रैल 2026 को नॉर्थ स्टार बैडमिंटन अकादमी ग्रेटर फरीदाबाद में राज्य के ट्रायल हुए। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि ट्रायल्स में रोहतक जिले की दो होनहार खिलाड़ी खुशी गहलावत एवं अक्षिता धनखड़ का हरियाणा बैडमिंटन टीम में फाइनल चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी एम.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भैंसरू खुर्द की दसवीं कक्षा की छात्राएं हैं और अपनी मेहनत व उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के बल पर इस उपलब्धि को हासिल किया है। खुशी गहलावत ने वर्ष 2018 में बैडमिंटन खेलना प्रारंभ किया था, निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ वह कोच सतपाल मलिक एवं अमन कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिदिन लगभग 6 घंटे कड़ी ट्रेनिंग कर रही हैं, वहीं अक्षिता धनखड़ भी नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ अपने खेल को निखार रही हैं, 16 से 22 अप्रैल 2026 तक त्यागराज स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 69वें राष्ट्रीय विद्यालय खेलों (अंडर-17 लड़कियों, बैडमिंटन) में ये दोनों खिलाड़ी हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**गर्व का विषय**

जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों बल्कि जिले के लिए भी गर्व का विषय है। डीईओ मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



## डीएलसी सुपवा में छात्राओं को फैशन स्टाइलिंग और फोटोग्राफी सिखाई

- टेक्सटाइल डिजाइन विभाग ने लगाई कार्यशाला

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में छात्राओं को फैशन स्टाइलिंग व फोटोग्राफी सिखाने के लिए 10 दिवसीय कार्यशाला लगाई गई। इसका आयोजन फैकेल्टी ऑफ डिजाइन के टेक्सटाइल डिजाइन विभाग की ओर से किया गया। इसमें टेक्सटाइल डिजाइन के छठे सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में छात्राओं को ट्रेंड करने के लिए प्रसिद्ध फैशन फोटोग्राफर तरूण गर्ग को बुलाया गया। तरूण गर्ग नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) व नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने कहा कि स्टाइल सिर्फ वह नहीं है, जो आप पहनते हैं। स्टाइल वह तरीका है जिससे आप बिना शब्दों के अपनी कहानी बताते हैं। हर फ्रेम आपके आत्मविश्वास, विवरण व व्यक्तित्व को कैप्चर करता है। उन्होंने कार्यशाला के दौरान छात्राओं का फैशन स्टाइल व फोटोग्राफी से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण व उद्योग संबंधी मार्गदर्शन किया। टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के एचओडी अनिल कुमार ने बताया कि छात्राओं ने फैशन के विभिन्न तत्वों, रचनात्मक स्टाइलिंग, स्टोरी टेलिंग व फोटोग्राफी तकनीकों का अन्वेषण किया।

## एमडीयू में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने किया पौधरोपण, बोले- हर व्यक्ति लगाए एक पौधा

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम



**रोहतक।** पौधरोपण करते कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ।

**रोहतक।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर एमडीयू के स्वर्ण जयंती द्वार (गेट नंबर-4) पर यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि आज के दौर में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल पौधे लगाकर ही न रुकें, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसे बड़ा करे, तो देश को हरा भरा बनने से कोई नहीं रोक सकता, ऐसा उनका कहना था। विशिष्ट अतिथि प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ ने कहा कि पौधों का संरक्षण जैव विविधता को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाली न केवल पर्यावरण को संतुलित रखती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है।

### स्वास्थ्य के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं

- स्वास्थ्य के लिए एकजुट हो विज्ञान के साथ खड़े रहें

**रोहतक।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर "स्वास्थ्य के लिए एकजुट होकर, विज्ञान के साथ खड़े रहें" विषय के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किए गए। यह कार्यक्रम पं. भगवत दयाल शर्मा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया, जिसमें एम.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। यह कार्यक्रम दो स्थानों पर हुआ। प्रथम समूह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डिघल में तथा द्वितीय समूह द्वारा पीजीआईएमएस में प्रसव कक्ष के सामने गतिविधियां की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने चार्ट व स्वास्थ्य वार्ता से पोषण, स्वच्छता, रोगों की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रस्तुत की।

### जिला स्तरीय एंटी टोबैको प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया

**रोहतक।** राजकीय कॉलेज सांपला में आयोजित जिला स्तरीय एंटी टोबैको स्क्वाड प्रतियोगिताओं में रोहतक के राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता के दौरान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में अपनी तकनीकी दक्षता और जागरूकता का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अंग्रेजी ऑनर्स की छात्रा नंदिनी ने भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रभावशाली वाकपटुता के दम पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर कॉलेज पहुंचने पर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. शमशेर सिंह ने विजेता छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी तरह शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कैंसर रोग के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के फिजियो केयर क्लब द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ऑन्कोलॉजी जागरूकता एवं पुनर्वास के बीच सेतु विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उपचार के पश्चात रोगियों के समुचित पुनर्वास के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ एवं हीमेटो-ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुहास कीर्ति सिंगला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ उनकी पत्नी एवं गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. चारु गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। डॉ. सुहास कीर्ति सिंगला ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यक्रम** पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**स्वस्थ नागरिक ही बनाएंगे विकसित भारत : कुलपति**

# गलत धारणाओं को हटाकर अपनाने होंगे वैज्ञानिक तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति डॉ एचके अग्रवाल।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ एचके अग्रवाल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने रिबन काटकर पोस्टर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें गलत धारणाओं को हटाकर बीमारी के इलाज के बारे में जागरूकता फैलानी होगी। डॉ अग्रवाल ने कहा कि बीमारी को रोकने के लिए प्रिवेंशन का रोल अहम है और इसमें कम्युनिटी मेडिसिन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हमें वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना होगा और गलत धारणाओं को हटाना होगा।

निदेशक डॉ एसके सिंघल ने कहा कि हमें अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना होगा। वेटरनरी, एनवायरनमेंट सहित सभी के साइंटिस्टों को मिलकर अच्छा एनवायरनमेंट देना होगा। डीन छात्र कल्याण डॉ सविता सिंघल ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा, जिसमें फिजिकल के साथ सोशल हेल्थ को भी साथ लेकर चलना होगा।

उन्होंने कहा कि जब हम मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे तभी हम शारीरिक रूप से भी स्वस्थ हो पाएंगे और देश के विकास में सहयोग देंगे।

**साइंस ने की बहुत तरक्की**

कम्युनिटी मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम कुमार ने कहा कि साइंस को साथ लेकर किसी भी चीज को टैकल किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ रमेश वर्मा ने कहा कि डॉग बाइट पर हल्दी मिर्च लगाने की गलत धारणा को दूर करना होगा और अच्छे चिकित्सक से मिलकर अपना इलाज करवाना चाहिए क्योंकि आप समय बदल चुका है और साइंस बहुत ज्यादा तरक्की कर चुकी है।

**चिकित्सक से ली जाए सलाह**

डॉ मीनाक्षी ने कहा कि आज की थीम के अनुसार हमें स्वास्थ्य के लिए एकजुट होना होगा और यूट्यूब और चैट जीपीटी के चक्कर में नहीं चिकित्सक की सलाह से ही इलाज करवाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ वरुण अरोड़ा ने मंच का संचालन किया। उन्होंने बताया कि ओपीडी में विश्व स्वास्थ्य दिवस की उपलक्ष में यूजी छात्रों के साथ-साथ पीजी छात्रों द्वारा भी काफी आकर्षक जागरूकता भरे पोस्टर बनाए गए थे, जिसके विजेताओं को कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



रोहतक। चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते समन्वयक प्रो. सविता राठी ।

## सुजीत, मोनू, राघव, अलंकृता, जतिन अस्तुति और विष्णु को किया सम्मानित

- जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार मिला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सेल द्वारा आज सत्र 2024-25 के लिए जिला एवं विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चयन प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पाँच जिलों के कुल 22 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस प्रक्रिया में रोहतक से सुजीत (गणित विभाग), मोनू (शिक्षा विभाग) एवं राघव ( यू आई ई टी म द वि ), सोनीपत से अलंकृता त्यागी( जीवीएम महिला महाविद्यालय) , फरीदाबाद से जतिन ( अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़), झज्जर से अस्तुति ( वी ए एस एम एम बहादुरगढ़) तथा पलवल से विष्णु ( एन जी एफ डिग्री महाविद्यालय) को जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरुष वर्ग में सुजीत (गणित विभाग, एमडीयू), मोनू (शिक्षा विभाग, एमडीयू) एवं राघव (यूआईईटी, एमडीयू) को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में चयनित किया गया।

## किसानों पर बरसी आफत, खेतों में फसलें बिछीं तो मंडियों में भी ढंकने पड़े तिरपाल

### बढ़ी चिंता, अब क्या करें

**गेहूं में नमी आने से कम कीमत पर बिकेगा**
**दाना काला पड़ने से उत्पादन भी होगा प्रभावित**
**किसान बोले, प्रशासन ने मंडियों में नहीं किए इंतजाम, अब नुकसान की कौन करेगा भरपाई**

# तेज बरसात से मंडियों में भीगा गेहूं किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ रोहतक

लगातार बढ़ती गर्मी के बीच मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर होते-होते हल्की फुहारों का दौर शुरू हो गया, जो दिनभर रुक-रुक कर जारी रहा। ठंडी हवाओं और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। देर रात तेज बारिश हुई। हालांकि जहां एक ओर आम लोगों ने इस बदले मौसम का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह बारिश चिंता का कारण बन गई। स्थानीय अनाज मंडी में खुले में रखा गेहूं बारिश की वजह से भीग गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कई किसानों ने बताया कि वे अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी में लाए थे, लेकिन अचानक हुई बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। मंडी में पर्याप्त शेड और तिरपाल की व्यवस्था न होने के कारण बड़ी मात्रा में गेहूं भीग गया। किसानों का कहना है कि प्रशासन को पहले से मौसम की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए उचित इंतजाम करने चाहिए थे, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। भीगा हुआ गेहूं अब कम कीमत पर बिकेगा या फिर खराब होने की आशंका है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है, और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने किसानों को सतर्क रहने और अपनी फसल को सुरक्षित रखने के उपाय करने की सलाह दी है।


रोहतक। बारिश से मंडी में भीगा गेहूं।

### मंडियों की अव्यवस्थाओं के खिलाफ हुड्डा ने किया दौरा



रोहतक। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेशभर की अनाज मंडियों का दौरा शुरू कर दिया है। इस अभियान की शुरुआत उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र सांपला की मंडी से की, जहां उन्होंने किसानों, मजदूरों और आढ़तियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्हें लगातार प्रदेशभर से मंडियों में अव्यवस्थाओं की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गेहूं और सरसों की खरीद सुचारू रूप से करने की बजाय किसानों पर शर्तें थोप रही है।

### गेहूं खरीद सुस्त, आज ही होगा मिसमैच डाटा वेरिफिकेशन पूरा

रोहतक। जिले में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि "मेरी फसल-मेरा ब्यौरा" पोर्टल पर दर्ज मिसमैच डाटा का वेरिफिकेशन आज शाम तक पूरा कर लिया जाएगा, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बताया कि सांपला मंडी में अब तक 14 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन इसके मुकाबले केवल 342 मीट्रिक टन की खरीद हुई है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और साथ ही गेहूं के उठान की व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों में गेहूं खरीद, गेट पास व्यवस्था, डाटा वेरिफिकेशन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की समीक्षा की।

### किसान विरोधी शर्तों के खिलाफ रोहतक मंडी में किसानों का धरना


रोहतक। अनाज मंडी में अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

रोहतक। गेहूं खरीद के नए नियमों के विरोध में रोहतक जिले के किसान संगठनों ने मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अनाज मंडी में धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। धरने को आढ़ती एसोसिएशन का भी समर्थन मिला। किसान नेताओं ने प्रेस बयान में कहा कि मंडियों में लागू किए गए नए नियम पूरी तरह किसान विरोधी हैं, जिनके चलते प्रदेशभर में हड़ताल जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी गेट पर ट्रैक्टर का फोटो, बायोमेट्रिक सत्यापन, किसान की अनिवार्य मौजूदगी और फसल पंजीकरण जैसी शर्तों से किसानों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ेगा, जिससे समय पर फसल मंडी में नहीं पहुंच पाएगी। नेताओं ने कहा कि अधिकांश किसानों के पास अपने साधन नहीं होते और वे किराये के वाहनों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में देरी से उनकी परेशानी और बढ़ेगी। साथ ही मौसम की अनिश्चितता और बारिश का खतरा भी किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। किसानों ने सरकार पर पारदर्शिता के नाम पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व के घोटालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन रोहतक, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर, किसानी प्रतिष्ठा मंच, आढ़ती एसोसिएशन से जुड़े हुए सैकड़ों किसान साथी शामिल हुए। धरने को प्रधान प्रीत सिंह, सुमित दलाल, रणधीर धामड, बलबीर सिंह, राजा प्रधान बलंबा, सतीश कुमार, डिंपल बुधवार, चांद सिंह, राजेश गहलावत, मुकेश खासा, रामफल देशवाल, संदीप मलिक, हरकिशन, महाबीर, सुनील मलिक, अशोक राठी, धर्मा, राजेश, धर्मपाल आदि ने संबोधित किया।


रोहतक। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित से शिष्टाचार भेंट करते जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा एवं महासचिव राजकरण पंघाल व अन्य बार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## बार एसो. एसपी से मिली समन्वय बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा एवं महासचिव राजकरण पंघाल ने मंगलवार को कार्यकारिणी सदस्यों के साथ नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बार पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने, न्यायिक कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आमजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि पुलिस प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच तालमेल मजबूत होने से न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सकती है। साथ ही, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए आपसी सहयोग को और बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा अधिवक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि यह संवाद भविष्य में भी जारी रहना चाहिए, ताकि जनहित के मुद्दों का समय पर समाधान किया जा सके। इस अवसर पर लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार, सह सचिव डिंपल अरोड़ा, अधिवक्ता दीपक अरोड़ा, कुशल कुंडू, वरुण कौशिक, विपिन डागर, दीपक एवं संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

### निगम आयुक्त के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# सफाई व्यवस्था पर सख्ती: अधिकारी अब फील्ड में उतरकर करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ रोहतक

नगर निगम रोहतक की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अब अधिकारी केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें फील्ड में जाकर सफाई कार्यों की निगरानी करनी होगी और इसकी नियमित रिपोर्ट भी आयुक्त कार्यालय को देनी होगी।

नगर निगम में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान शहर में चल रहे कूड़ा उठान, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सड़कों व नालों की सफाई और कूड़ा निस्तारण की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया। आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए और कहीं भी कूड़े के ढेर नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि कूड़ा उठान कार्य समयबद्ध तरीके से किया जाए और डोर-टू-डोर कलेक्शन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही मुख्य सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने या डस्टबिन का उपयोग न करने वालों के चालान किए जाएं। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।


रोहतक। आयोजित समीक्षा बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा।

**शहर को सुंदर बनाएं**

अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी सहित अन्य अधिकारी और सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नवीन कुमार बने रोहतक रोडवेज डिपो के नए जीएम



रोहतक। शहर के रोडवेज डिपो को नया महाप्रबंधक मिल गया है। नवीन कुमार को रोडवेज डिपो का जीएम नियुक्त किया गया है। उनके आदेश जारी हो चुके हैं और वे एक-दो दिन में अपना कार्यभार संभाल लेंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह का माहौल है। नवीन कुमार या तो बुधवार तक या अधिकतम अगले दिन तक रोहतक पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे। उनकी नियुक्ति से डिपो की व्यवस्थाओं में और सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। रोडवेज कर्मचारियों का मानना है कि नवीन कुमार के अनुभव और कार्यशैली का लाभ विभाग को मिलेगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### एडीआर सेंटर में लोगों का स्वास्थ्य जांचा




रोहतक। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला एडीआर सेंटर में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इ इसमें सिविल अस्पताल की चिकित्सक टीम ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय व रोहतक कोर्ट के कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं, अधिकार मित्रों एवं आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, किडनी और लिवर से संबंधित जांचें की गईं। आंखों की जांच के साथ-साथ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा परामर्श भी दिया गया। महिलाओं के लिए विशेष रूप से मैमोग्राफी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी जांच करवाई और विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य आमजन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना व समय पर जांच सुनिश्चित करना है।

### नेत्र जांच शिविर में 150 ने करवाई जांच

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस इकाई और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं और कॉलेज स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में सिविल अस्पताल, रोहतक से आई विशेषज्ञ टीम की सदस्य उपासना और सुषमा ने छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं की आंखों की विस्तृत जांच की। इस दौरान विशेषज्ञों ने दृष्टि दोष मिलने पर चश्मे के नंबर बताए और आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित कीं। शिविर के दौरान 150 से अधिक छात्राओं और कॉलेज स्टाफ की आंखों की जांच की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आंखें हमारे शरीर का सबसे अनमोल अंग हैं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## मिला अश्वासन, एमडीयू में गैर शिक्षक कर्मियों की हड़ताल खत्म


रोहतक। हड़ताल पर बैठ कर्मचारी।

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद और गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की हड़ताल मंगलवार को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा डॉ. अनार सिंह को ओएसडी पद से कार्यमुक्त करने के निर्णय के साथ ही कर्मचारियों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। मंगलवार को प्रशासनिक भवन के सामने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में विवि के सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और डॉ. अनार सिंह की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ अपना कड़ा रोष प्रकट किया। कर्मचारियों का मुख्य विरोध उनकी रिटायरमेंट के 4 साल बाद भी पद पर बने रहने को लेकर था। प्रधान सुरेश ने बताया कि बैठक के दौरान ही कुलसचिव कार्यालय से संदेश प्राप्त हुआ कि कुलपति ने संघ की मांग को स्वीकार करते हुए डॉ. अनार सिंह को तत्काल प्रभाव से रिलीव (कार्यमुक्त) कर दिया है। इस सूचना की पुष्टि होते ही कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। यूनियन के पदाधिकारियों ने इसके बाद कुलसचिव से मुलाकात की। कुलसचिव ने लंबित मांगों पर आश्वासन दिया कि आगामी 3 दिनों में बैठक कर इन समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

### याद बहुत आते हैं वो दिन...



## चालक की नौकरी से आगे बढ़ अब समाज के लिए तैयार की हरियाली

**1500 पौधे लगाकर पर्यावरण को समर्पित किया जीवन, अब पानी बचाने की मुहिम में जुटे राजेंद्र कुमार दे रहे बड़ा संदेश**


राजेंद्र कुमार

जीवन की राहें कभी आसान नहीं होतीं, लेकिन कुछ लोग कठिनाइयों को ही अपनी पहचान बना लेते हैं। राजेंद्र कुमार ऐसे ही एक साधारण इंसान हैं, जिनकी कहानी संघर्ष, आत्मबल और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल है। बचपन से ही उनके जीवन में अभाव और जिम्मेदारियों का बोझ रहा। सीमित संसाधनों के बीच पले-बढ़े राजेंद्र ने जल्दी समझ लिया था कि उन्हें अपनी राह खुद बनानी होगी। पिता का सख्त अनुशासन कई बार डराता था, लेकिन उसी ने उन्हें सही दिशा भी दी। हालातों ने उन्हें तोड़ा नहीं, बल्कि भीतर कुछ कर दिखाने की जिद पैदा कर दी। मेहनत और धैर्य के बल पर उन्होंने लोक संपर्क विभाग में चालक की नौकरी हासिल की। यह उनके संघर्षों का पहला बड़ा परिणाम था। नौकरी मिलने के बाद जीवन में स्थिरता आई, आर्थिक स्थिति सुधरी और आत्मविश्वास बढ़ा, लेकिन उन्होंने खुद को सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रखा। राजेंद्र ने समाज के लिए कुछ करने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाए। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने करीब 1500 पौधे लगाए। ये पौधे उनके लिए सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि "हरी पूंजी" हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार बनेंगे। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका जज्बा कम नहीं हुआ। उन्होंने पानी बचाने का मिशन शुरू किया। आज वे नहर के किनारे खड़े होकर राहगीरों और किसानों को जल संरक्षण का महत्व समझाते हैं। उनका मानना है, "पेड़ लगाए जा सकते हैं, लेकिन पानी खत्म हो गया तो जिंदगी सूख जाएगी। राजेंद्र कुमार की कहानी सिखाती है कि कठिन हालात इंसान को गढ़ते हैं। अगर इरादे मजबूत हों, तो एक साधारण व्यक्ति भी समाज के लिए असाधारण बन सकता है।



**आज भी खेती-बाड़ी को मजबूती से संभाल रहे**




साहब सिंह एक साधारण किसान हैं, लेकिन उनकी सोच और जीवनशैली उन्हें खास बनाती है। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता के साथ खेतों में काम करते हुए जिम्मेदारियों को समझा और निभाया। कम उम्र में ही मेहनत, अनुशासन और संघर्ष उनके जीवन का हिस्सा बन गए थे। यही कारण है कि आज वे अपने परिवार और खेती-बाड़ी को मजबूती से संभाल पा रहे हैं। साहब सिंह के तीन बेटे हैं, और अब जब वे बड़े हो चुके हैं, तो उन्हें जीवन में एक अलग ही सुकून महसूस होता है। साहब सिंह ने अनुभव को समाज के काम में लगाना शुरू कर दिया है। वे लोगों को पानी बचाने के प्रति जागरूक करते हैं। यह काम अब सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन चुका है।

**संघर्ष व संस्कारों के बीच व्यक्तित्व संवारा**



12 दिसंबर 1965 को हरियाणा के रोहतक जिले के गांव डुलेहड़ा में जन्मे धर्मबीर सिंह ने बचपन से ही संघर्ष व संस्कारों के बीच अपना व्यक्तित्व संवारा। खुशमिजाज स्वभाव और सकारात्मक सोच ने उन्हें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की ताकत दी। नौकरी के दौरान उन्हें महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर व छत्तीसगढ़ जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में काम किया। 35 वर्षों तक कर्तव्य निभाते हुए वे सीटी वार्डर के पद तक पहुंचे। 31 दिसंबर 2025 को दिल्ली से सेवानिवृत्त हुए। उनका परिवार छोटा लेकिन खुशहाल है चार बच्चे, जिनमें से एक बेटा दिल्ली पुलिस में कार्यरत है और बेटी शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रही है।

**पिता ने सपना देखा मैंने सच कर दिखाया**



राजकुमार की जिंदगी एक ऐसे सपने की कहानी है, जिसे उनके पिता ने देखा और उन्होंने उसे सच कर दिखाया। बचपन में उनके पिता हमेशा उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करते थे। कई बार सख्ती भी करते थे, लेकिन उस समय समझ नहीं आता था कि यह सब उनके भविष्य के लिए है। खेल के प्रति लगन व मेहनत के दम पर उन्होंने खुद को एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में तैयार किया व आगे चलकर कोच बने। अब उन्हें यह भी समझ में आता है कि एक पिता अपने बच्चे के भविष्य के लिए कितनी जिम्मेदारी और समर्पण से काम करता है। आज वे अनुभव दूसरों के साथ साझा कर नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनकी कहानी यह बताती है कि माता-पिता के मार्गदर्शन व मेहनत से कोई भी अपने सपनों को हकीकत में बदल सकता है।

**समस्या** | लोगों ने एचएसवीपी पर लगाए लापरवाही के आरोप

### बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

# सेक्टर-5 में सीवर लीकेज से हालात बदहाल खुले मैनहोल बन रहे हादसों का बड़ा कारण

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ रोहतक

शहर के सेक्टर-5 क्षेत्र में सीवर लीकेज और खुले मैनहोल की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। सड़कों और खाली प्लॉटों में सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि एचएसवीपी के पास पानी निकासी की कोई ठोस योजना नजर नहीं आ रही। क्षेत्र में नियमित सफाई और सीवर लाइन की मरम्मत न होने के कारण समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवर लीकेज को ठीक कराया जाए, खुले मेनहोल को बंद किया जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**मिले सिर्फ आश्वासन, ठोस समाधान नहीं**



पिछले कई महीनों से यहां सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह और भी खतरनाक है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं।
-अजीत मलिक



सबसे बड़ी परेशानी खुले मेनहोल हैं। रात के समय तो यह और भी खतरनाक हो जाते हैं क्योंकि अंधेरे में दिखाई नहीं देते। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हमने कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।
-बिजेंद्र ढाका



खाली प्लॉटों में सीवर का पानी जमा होने से बदबू और मच्छरों की समस्या बढ़ गई है। "यहां कोई निकासी व्यवस्था नहीं है। बारिश होने पर हालात और खराब हो जाते हैं। डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा रहता है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।
-गौरव सैनी